राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# महाराणा प्रताप जयन्ती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 28 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने महाराणा प्रताप जयन्ती (29 मई) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने महाराणा प्रताप जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि मेवाड़ की स्वतंत्रता के लिए किया उनका संघर्ष मातृभूमि के स्वाभिमान से जुड़ा था। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर मातृभूमि की रक्षा के लिए मुगलों से सतत संघर्ष किया, पर कभी हार नहीं मानी।

राज्यपाल ने महाराणा प्रताप के जीवन एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर सशक्त, समर्थ और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

———